www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## बरेली महानगर

बरेली , शुक्रवार,20 फरवरी 2026

## सुविचार



आलस्य में दरिद्रता बसती है, लेकिन जो, व्यक्ति आलस्य नहीं करते उनकी मेहनत में लक्ष्मी का निवास होता है।

-संत तिरुवल्लुवर

### बरेली के प्रमुख समाचार

- जोगी नवादा : गलियों में डूब गए बेहतर जलनिकासी के दावे-II
- सुपीरियर शराब फैक्ट्री में आयकर टीम की जांच जारी-III
- रमजान के पहले दिन बिखरी रौनक, खिल उठे रोजेदारों के चेहरे-IV



| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| शुक्रवार शाम | शनिवार सुबह |
| सुन्नी : 6:11 | सुन्नी : 5:19 |
| शिया : 6:20 | शिया : 5:13 |

## सिटी ब्रीफ

### केसर मिल में आज के बाद पेराई बंद

**बहेड़ी/बरेली अमृत विचार :** केसर शुगर मिल 20 फरवरी को पेराई बंद कर देगी। मिल ने पेराई सत्र की बंदी के लिए अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है। नोटिस के ज़रिए मिल प्रबंधन ने किसानों से अपना बचा गन्ना 20 फरवरी तक सप्लाई करने को कहा है। केसर मिल अब तक करीब 54लाख कुंटल गन्ना पेराई कर चुकी है। मिल में अब गन्ने की आवक कम हुई, तो मिल प्रबंधन पेराई सत्र को बंद करने की तैयारी करने लगा, और कानूनी प्रक्रिया के तहत मिल ने तीसरा नोटिस भी चस्पा कर दिया है।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8 :30 से 11 :45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5 :15 बजे।
- त्रिवटीनाथ मंदिर में मां भवानी मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा सुबह 8 बजे।
- भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल डेलापीर में मंडी परिषद के डिप्टी डायरेक्टर प्रशासन को ज्ञापन देगा दोपहर 3 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 से 1 :30 बजे तक।
- रमजान पर जुमे की नमाज नौमहला मस्जिद पर दोपहर 2 :30 बजे।

## भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु



वनखंडी नाथ मंदिर में आयोजित राधारानी विवाह उत्सव में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ( संबंधित खबर पेज IV पर ) ● अमृत विचार

# पंचशील सहकारी आवास समिति के भूखंडों के क्रय-विक्रय पर रोक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **अपर आवास आयुक्त ने रोक लगाकर एडीएम फाइनेंस को भेजी चिट्ठी**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अपर आवास आयुक्त दीपक सिंह ने पंचशील सहकारी आवास समिति के भूखंडों के क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी है। तमाम लोगों ने पत्रों के जरिये समिति के विरुद्ध शिकायतें कीं। आरोप लगाए हैं कि नियमों के विरुद्ध जाकर भूखंडों का क्रय-विक्रय किया गया है। उन्हीं का संज्ञान लेते हुए पंचशील सहकारी आवास समिति एवं सदस्यों के व्यापक हितों को दृष्टिगत रखते हुए समिति के भूखंडों के क्रय-विक्रय और हस्तांतरण पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया।

अपर आवास आयुक्त ने भूखंडों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के संबंध में एडीएम फाइनेंस को पत्र भेज कर आवास एवं विकास परिषद कार्यालय के अग्रिम आदेशों तक समिति के भूखंडों के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के लिए संबंधित उप निबंधक को अपने स्तर से निर्देश जारी करने के लिए भी लिखा है। अपर आवास आयुक्त ने कहा है कि समिति के विरुद्ध निरंतर शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए समिति एवं सदस्यों के व्यापक हित में रोक लगाने का निर्णय लिया है।

इसके साथ अपर आवास आयुक्त ने पंचशील सहकारी आवास समिति लिमिटेड की प्रबंध कमेटी के सचिव/अध्यक्ष व सहकारी अधिकारी (आवास) बरेली दीपक कुमार राना को निर्देश जारी किए हैं कि किसी भी प्रकार से समिति के भूखंडों का कय-विक्रय, भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई अग्रिम आदेशों तक न होने पाए। सहायक महानिरीक्षक निबंधन को भी पत्र भेजा है।

पंचशील सहकारी आवास समिति लिमिटेड के सचिव को निर्देश दिए हैं कि कार्यालय के अग्रिम आदेशों तक समिति में निर्माण कार्य न कराएं। साथ ही सहकारी अधिकारी (आवास) दीपक कुमार राना को आदेश का अनुपालन कराने के निर्देश दिए हैं।

# घी-रिफाइंड अधोमानक, हल्दी पाउडर मिला असुरक्षित

## परसाखेड़ा के एचएन फूड प्रोडक्ट्स समेत कई प्रतिष्ठानों से भरे गए नमूनों की झांसी प्रयोगशाला से आई जांच रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जांच को भेजे गए थे दीपक स्वीट्स, बालाजी ट्रेडर्स, मूर्ति इंटर प्राइजेज मुल्ला जी चावल वाले, रिच इंडिया टी के नमूने**
- **चटपटा पास्ता में लंप्स एवं फंगस, भुने चने में औरामाइन रंग, मिर्च पाउडर में सूडान टू, सूडान थ्री व चायपत्ती में सनसेट यलो रंग की मिली मिलावट**

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से पिछले साल छापेमारी कर विभिन्न प्रतिष्ठानों से भरे गए खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट झांसी स्थित प्रयोगशाला से आ गई है। जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट में देशी घी, रिफाइंड सोयाबीन ऑयल, धनिया-हल्दी पाउडर में मिलावट और चटपटा पास्ता में लंप्स एवं फंगस, भुने चने में औरामाइन रंग, तीखा मिर्च पाउडर में सूडान टू, सूडान थ्री, चायपत्ती में सनसेट यलो रंग की मिलावट पाई गई। घी, रिफाइंड ऑयल समेत कई खाद्य पदार्थों को अधोमानक, जबकि चाय पत्ती, धनिया और हल्दी पाउडर को असुरक्षित घोषित किया है।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार शुक्ला ने 2 जुलाई 2025 को परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान की एचएन फूड प्रोडक्ट से चटपटा पास्ता मसाले का नमूना भरा था। राजकीय खाद्य प्रयोगशाला झांसी की रिपोर्ट में नमूना अधोमानक एवं असुरक्षित घोषित किया गया है। नमूने में लम्प्स एवं फंगल ग्रोथ पायी गयी। पिछले साल 16 दिसंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने श्यामगंज स्थित मूर्ति इंटरप्राइजेज से भुने चने का नमूना भरा। प्रयोगशाला की जांच में नमूना असुरक्षित घोषित किया। औरामाइन रंग से रंगा पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रवीन कुमार राय ने 15 अक्टूबर 2025 को बिथरी चैनपुर रोड पर नरियावल के बाला जी ट्रेडर्स से राजहंस हेल्थ रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का नमूना भरा। प्रयोगशाला झांसी की जांच में नमूना अधोमानक मिला। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल प्रताप सिंह ने इसी वर्ष 3 फरवरी को सिविल लाइंस निकट पटेल चौक के पास स्थित दीपक स्वीट्स एंड आइसक्रीम प्रा. लि. से घी का नमूना भरा। राजकीय खाद्य प्रयोगशाला झांसी की रिपोर्ट में नमूना अधोमानक घोषित किया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश और अनिल प्रताप सिंह ने 2 फरवरी को आईवीआरआई रोड पर ब्रिज बिलास मार्केट के प्रतिष्ठान मुल्ला जी चावल वाले से धनिया पाउडर (सप्तऋषि ब्रांड) एवं हल्दी पाउडर (सप्त ऋषि ब्रांड) के नमूने भरे। राजकीय खाद्य प्रयोगशाला लखनऊ की जांच में नमूने अधोमानक घोषित किए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह द्वारा भरे तीखा मिर्च पाउडर (सप्त ऋषि ब्रांड) का नमूना जांच में असुरक्षित घोषित किया गया। नमूने में सूडान टू एवं सूडान थ्री की उपस्थिति पायी गयी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील सचान ने 15 सितंबर, 2025 को शाहदाना रोड श्यामगंज के रिच इंडिया टी प्रा.लि. से चायपत्ती (एटीसी ब्रांड) का नमूना भरा। राजकीय खाद्य प्रयोगशाला झांसी की जांच में नमूना अधोमानक एवं असुरक्षित घोषित किया। नमूने में सनसेट यलो रंग की उपस्थिति पायी गयी है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल ने बताया कि सभी खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा-46 (4) के तहत 30 दिन का समय दोबारा अपील करने के लिए दिया गया है। समय पर अपील प्राप्त न होने पर संबंधित कारोबारी के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

### छापेमारी : टीम ने मिलावट के शक में खाद्य पदार्थों के नमूने भरे

- **होली त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने शुरू किया अभियान**
- **फरीदपुर क्षेत्र के कई कोल्ड स्टोरेज का टीम ने किया निरीक्षण, मिलीं अनियमितताएं**



**बरेली, अमृत विचार :** होली त्योहार के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के मद्देनजर छापेमारी शुरू कर दी है। सहायक आयुक्त (खाद्य) सेकेंड एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल के नेतृत्व में टीमों ने गुरुवार को तीन स्थानों पर छापेमारी कर खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहीत किए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिए गए हैं। एफएसडीए के आयुक्त एवं जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम के उद्देश्य से छापेमारी की गयी। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल ने बताया कि परसौना रोड पर शिफा डेरी से मिश्रित दूध का एक नमूना, नरियावाल के राजेश मिल्क क्रीम विक्रेता से पनीर का नमूना, गुलाबनगर स्थित आयुष कुमार शर्मा के प्रतिष्ठान से मिश्रित दूध का 1 नमूना संग्रहित किया। इसके साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल ने फरीदपुर टोल प्लाजा स्थित ग्रोवर फूड्स, गौसगंज फरीदपुर स्थित लक्ष्मी कोल्ड स्टोरेज, मेगी नगला फरीदपुर के राहुल कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई अनियमितताएं मिलीं। संबंधित प्रतिष्ठानों को सुधार कराने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक उप्र को भेजे गये हैं। नमूना जांच रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# सिटी बस रूट में किया बदलाव त्रिवटीनाथ मंदिर बना स्टॉपेज

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- **बरेली जंक्शन से मिनी बाईपास रूट पर बसों के स्टॉपेज की संख्या बढ़कर हुई 19**

**अमृत विचार :** शहर के यात्रियों के लिए बरेली सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड ने बरेली जंक्शन से मिनी बाईपास के बीच एक नए स्टॉपेज में त्रिवटीनाथ मंदिर को भी जोड़ा है। 14 किलोमीटर लंबी दूरी में अब कुल 19 स्टॉपेज होंगे। इस बदलाव से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी।

प्रबंध संचालक मनीषा दीक्षित ने बताया कि सर्वे के बाद बीते माह स्वालेनगर मिनी बाईपास से सेटेलाइट बस अड्डा के बीच छह नए स्टॉपेज जोड़े गए थे। वहीं, अब बरेली जंक्शन से मिनी बाईपास के बीच एक नया स्टॉपेज त्रिवटीनाथ मंदिर जोड़ा गया है। बसें अब स्टेशन से कचहरी, डीएम ऑफिस, चौकी चौराहा, अयूब खां चौराहा, कोतवाली, कोहाड़ापीर, जीआरएम स्कूल, त्रिवटीनाथ मंदिर, धर्मकांटा, सेलेक्शन प्वाइंट, झूलेलाल द्वार, डेलापीर चौराहा, ट्यूलिप ग्रेस, आईवीआरआई मेन गेट, इज्जतनगर तिराहा, बसंत विहार चौराहा, भास्कर हॉस्पिटल, कर्मचारी नगर और अंत में मिनी बाईपास तिराहा पहुंचेगी। इस रूट से शहर के प्रमुख शैक्षणिक, धार्मिक और व्यावसायिक क्षेत्रों तक सुगम पहुंच मिलती है।

# गंगापुर की आरके इंडस्ट्रीज समेत 17 संपत्तियां सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **नगर निगम ने चलाया वसूली अभियान 12.89 लाख मौके पर जमा कराए**
- **नगर आयुक्त ने चेताया बकाया कर नहीं भरने पर सीलिंग की कार्रवाई तय**



सीलिंग की कार्रवाई करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने शुक्रवार को शहर के चारों जोनों में कड़ी कार्रवाई करते हुए बकाया करों की वसूली में सख्ती दिखाई। बकाया राशि जमा न करने वालों के खिलाफ अभियान के तहत गंगापुर की आरके इंडस्ट्रीज समेत कुल 17 भवनों और व्यवसायिक संपत्तियों को सील कर दिया गया। इस दौरान 12 लाख से अधिक की टैक्स वसूली भी की गई।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि जोन-वन में साहूकारा के अब्दुल रशीद, मो. कामिल, किला छावनी के रविकांत चड्ढा, परसाखेड़ा के वीसी तनेजा, आरके इंडस्ट्रीज, मोहित गोयल, सीबीगंज के अध्यासी गंज एवं अध्यासी राकेश शर्मा की संपत्तियां सील की गईं। जोन-दो में सिकलापुर के गौरी शंकर, पूरनलाल, राम निवास खण्डेलवाल और रामकली की सम्पत्तियों पर नगर निगम ने शिकंजा कसा।

वहीं जोन-तीन में कटरा चांद खां के मो. मियां, सहसवानी टोला के धनीराम, सूफी टोला के मकसूद दिशा बेगम, कटरा चांद खां के यासीन अहमद और खलील अहमद की संपत्तियों को भी ठोस कार्रवाई के तहत सील किया गया। इस कार्रवाई के दौरान 12,89,662 रुपये की बकाया राशि नगर निगम कोष में जमा कराई गई। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने साफ कहा है कि यह अभियान लगातार और सख्ती से जारी रहेगा, जिससे कर चोरों को कोई रियायत न मिले। चेतावनी दी जो भी भवन या व्यावसायिक संपत्ति स्वामी बकाया कर जमा नहीं करेंगे, उनकी संपत्तियां भी सील की जाएंगी। फिलहाल, बकाया करों की वसूली को लेकर नगर निगम की ओर से सख्ती बरती जा रही है।

# अब जब्त निर्माण सामग्री से चमकेंगी शहर की गलियां



एक दुकान के बाहर निर्माण साम्रगी जब्त करती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सड़क किनारे रेत-बजरी मिलने पर नहीं होगी रियायत, जुर्माना भी वसूला जाएगा**

**अमृत विचार :** शहर की सड़कों पर अतिक्रमण करके रेत, बजरी, ईंट और गिट्टी का कारोबार करने वालों पर नरमी नहीं बरती जाएगी। नगर आयुक्त का कहना है सड़कें जनता की हैं, किसी के निजी कारोबार के लिए नहीं, इसलिए अभियान के दौरान सड़क किनारे रखी निर्माण सामग्री जब्त की जाएगी। इसका इस्तेमाल निगम के विकास कार्यों जैसे गलियों और नालियों की मरम्मत में किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों से जुर्माना भी वसूला जाएगा और लगातार उल्लंघन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शहर में पीलीभीत बाईपास रोड, मिनी बाईपास रोड, डेलापीर समेत कई प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह फुटपाथ और सरकारी खाली जमीन पर लोग ईंट, रेत और बजरी का कारोबार कर लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं। यह अवैध कारोबार सड़कें संकरी कर देता है और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। कई बार दुर्घटनाएं भी इस अतिक्रमण के कारण हुई हैं। जिम्मेदार भी इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।नगर आयुक्त संजीव कुमार ने सख्ती के साथ अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

### जुर्माना भरकर भी नहीं छुड़ा सकेंगे जब्त सामान

नगर निगम सड़क किनारे रेता, बजरी आदि निर्माण सामग्री बेचने वालों के खिलाफ अक्सर अभियान चलाता है, लेकिन जुर्माना वसूली के बाद सामग्री छोड़ दी जाती है। इसके बाद व्यापारी पुन : उसी जगह पर अतिक्रमण कर दुकानें सजा लेते हैं। इसे लेकर नगर आयुक्त ने सख्त प्लान बनाया है। इसके तहत जुर्माना भरने के बाद भी व्यापारी जब्त सामान वापस नहीं पा सकेंगे। अभियान चलने के बाद तत्काल ही सामग्री का इस्तेमाल मरम्मत कार्यों में किया जाएगा।



"शहर की सड़कों को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए सड़क किनारों पर रेत, बजरी और अन्य निर्माण सामग्री रखने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान अवैध रूप से रखी गई सामग्री को तुरंत जब्त किया जाए और जिम्मेदारों से जुर्माना वसूला जाए। जब्त की गई निर्माण सामग्री को सड़क और नालियों की मरम्मत में उपयोग किया जाएगा।

**-संजीव कुमार मौर्य,** नगर आयुक्त

## अड़चन

### सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक ने डीएम से मुलाकात कर पेश किया ब्योरा

# पितांबरपुर क्रॉसिंग : सर्विस रोड की जद में आ रहे पांच मकान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



पितांबरपुर में क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज और सर्विस रोड की राह में आ रहे मकान।

- **एक मकान मालिक के कोर्ट जाने की बात भी बतायी**
- **डीएम ने सात दिन में कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार :** फरीदपुर-बुखारपुरा मार्ग पर पितांबरपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर बन रहे ओवरब्रिज की सर्विस रोड के निर्माण में पांच मकानों के आने की गंभीर अड़चन एक साल से बनी हुई है।

सर्विस रोड निर्माण में मकानों के आंशिक हिस्से आने और उन्हें तोड़ने की समस्या हल कराने के संबंध में सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक धन प्रकाश ने गुरुवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मुलाकात करके ब्योरा पेश किया। इस दौरान एक मकान मालिक के कोर्ट जाने की बात भी डीएम को बतायी। इस पर डीएम ने कहा कि कोर्ट से अभी तक कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं हुए हैं, तब सर्विस रोड निर्माण की अड़चन दूर कराएं।

डीएम ने मुख्य परियोजना प्रबंधक को एसडीएम फरीदपुर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से समन्वय कर सात दिन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी से मिलने के बाद मुख्य परियोजना प्रबंधक धन प्रकाश फरीदपुर गए और वहां एसडीएम से मुलाकात की। इसके साथ सर्विस रोड की राह में आ रहे मकानों के आंशिक हिस्से का भी निरीक्षण किया। दरअसल, पितांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग 352 सी पर दो लेन ओवरब्रिज के निर्माण की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति 27 फरवरी 2023 को जारी हुई थी। कुछ ही समय बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया था। ओवरब्रिज के पहुंच मार्ग वाले हिस्से का निर्माण सेतु निगम और रेल विभाग के हिस्से का निर्माण खुद रेलवे की ओर से कराया जा रहा है।

### 54 करोड़ से शुरू हुआ था निर्माण

पितांबरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की भीषण समस्या के कारण वर्ष 2019-20 में ओवरब्रिज का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। तत्कालीन सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने ओवरब्रिज स्वीकृत कराने के लिए मुख्यमंत्री से लेकर रेलमंत्री तक कड़ी पैरवी की थी। तब कहीं इसे स्वीकृति मिली। करीब 54 करोड़ की लागत से 500 मीटर लंबा ओवरब्रिज बनाया जा रहा है। इसका निर्माण दिसंबर 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। ओवरब्रिज का निर्माण आबादी के बीच हो रहा है इसलिए दिक्कतें भी आ रही हैं।

"पांच मकानों के आंशिक हिस्से सर्विस रोड निर्माण में आ रहे हैं। डीएम से मुलाकात के बाद फरीदपुर में भी स्थिति परखी है। जल्द सर्विस रोड निर्माण के लिए कार्रवाई शुरू कराई जाएगी। एसडीएम मल्लिका नैन से भी इस संबंध में बातचीत हुई है।

**धन प्रकाश,** मुख्य परियोजना प्रबंधक सेतु निगम

"जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है फरीदपुर में बुखारा मार्ग पर बनाए जा रहे ओवरब्रिज एवं एप्रोच मार्ग को लेकर जो भी जरूरी कार्रवाई है, उसे शीघ्र किया जाए। हमने एक्सईएन को कह दिया है अपने स्तर पर जो भी कार्रवाई होनी है, उसे शीघ्र कराएं।

**-मालिका नैन,** उपजिलाधिकारी फरीदपुर

# जोगी नवादा : गलियों में डूब गए बेहतर जलनिकासी के दावे

## नाला चोक होने की वजह से जलभराव, लोग घरों से निकलने से कतरा रहे, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा हो रही परेशानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जोगी नवादा में एक गली में गंदे पानी से होकर निकलते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में बेहतर जलनिकासी के दावों का सच देखना है तो जोगी नवादा का रुख कीजिए, जहां वार्ड की अधिकांश गलियों में जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है नाला चोक होने से नूरी मस्जिद के आसपास की सड़कों पर ड्रेनेज का पानी निकलने का नाम ही नहीं लेता। हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि बारिश न हो, फिर भी सड़कों पर लगातार पानी भरा रहता है। स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गंदे पानी से संक्रामक बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। लोग घर से निकलने से बच रहे हैं। जरूरी काम होने पर ही वे बाहर निकलते हैं। ग्राहकों के साथ आमजन का सुबह और शाम के समय सड़कों पर चलना दूभर है। रात में हादसे का डर रहता रहता है। कई बार ऐसा भी होता है कि ई-रिक्शा, दोपहिया वाहन गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे जाम जैसी स्थिति पैदा हो जाती है।

बारिश होने पर घरों में पानी घुसने का लोगों का डर सता रहा है। बताया जाता है कि नूरी मस्जिद के पास बने नाले का पानी दुर्गानगर की तरफ निकलता है, लेकिन, नाला पूरी तरह से चोक है। महीनों से इसकी सफाई नहीं हुई है। ऐसे में लोगों में आक्रोश इस बात को लेकर है कि स्मार्ट सिटी के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जोगी नवादा जैसे इलाकों की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। आरोप यह भी है कि वार्ड में नालियों की सफाई और जल निकासी प्रणाली को प्राथमिकता नहीं दी गई। जिस कारण यह समस्या बनी है।

### बारिश नहीं फिर भी सड़क पर भरा रहता पानी


स्मार्ट सिटी का पैसा कहां खर्च हुआ, पता नहीं। नाला चोक होने की वजह से बारिश नहीं होने पर भी हर समय सड़क पर पानी भरा रहता है। गड्ढों से बचना मुश्किल है। स्कूली बच्चों को गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है। लगता है स्मार्ट सिटी योजना सिर्फ नाम की रह गई है।
**-इमाम शाह**


जलभराव और गंदगी स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। गंदे पानी में संक्रमण फैलने का डर हर कदम पर रहता है। स्मार्ट सिटी कैसे स्मार्ट है, जब पानी निकासी जैसी बुनियादी सुविधा भी नहीं दे पाई? ई-रिक्शा वाले तो आए दिन जाम लगाते हैं।
**-अरमान अल्वी**


नूरी मस्जिद के आसपास की गलियों की हालात बेहद खराब है। दिन में तो किसी तरह निकल जाते हैं, रात में हालात किसी खतरे से कम नहीं होते। नाला चोक होना आम बात है, क्योंकि सफाई के नाम पर केवल खानापूरी होती है, यही कारण है जलभराव की समस्या बनी हुई है।
**-आरिश**


यह समस्या सिर्फ एक-दो दिनों की नहीं है, महीनों से है। जोगी नवादा की कई गलियां गड्ढे में तब्दील हैं। कई बार लोग चोटिल हो चुके हैं। शहर में स्मार्ट सिटी के बोर्ड तो कई जगह लगे हैं, पर समस्या कोई हल नहीं कर रहा। नगर निगम को ड्रेनेज सुधार की दिशा में कदम उठाना चाहिए।
**- शारुन राजा**

# हिस्ट्रीशीटर इशरत अली के कहने पर आए थे हथियार

कार्यालय संवाददाता, बरेली


जानकारी देते एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा। ● अमृत विचार

- बरेली बवाल में इस्तेमाल हथियारों की सप्लाई का पुलिस ने किया खुलासा
- मौलाना तौकीर के करीबी फरहत के कहने पर किए गए थे हथियार सप्लाई

**अमृत विचार :** अतर्राज्यीय गिरोह के दो हथियार सप्लायरों की गिरफ्तारी के बाद शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल में फायरिंग में इस्तेमाल हथियारों की आमद की कड़ी भी सुलझ गई है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार दोनों हथियार तस्करों ने स्वीकार किया है कि बरेली बवाल में इस्तेमाल किए गए हथियारों की सप्लाई भी उन्होंने ही की थी। आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के करीबी फरहत अली और उसके हिस्ट्रीशीटर भाई इशरत अली के कहने पर ही हथियारों की सप्लाई की गई है, जिन्हें बवालियों को उपलब्ध कराए गए थे।

एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि बहेड़ी पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किए गए हथियार सप्लायरों तसलीम निवासी जोखनपुर थाना बहेड़ी और सोमू खान उर्फ औशाफ निवासी बरीपुरा थाना शेरगढ़ ने पूछताछ में बताया कि बहेड़ी थाने का हिस्ट्रीशीटर इशरत अली आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी फरहत अली का सगा भाई है। फरहत को बरेली बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा खां के साथ गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ में सोमू खान ने बताया कि उसने 26 सितंबर 2025 को फरहत अली और इशरत अली के कहने पर भारी मात्रा में पिस्टल, तमंचे और कारतूस गाड़ी से ले जाकर झुमका तिराहे पर इशरत अली के भेजे गए आदमी को दिए थे।

### फरहत के घर बैठकर मौलाना तौकीर रजा पूरे घटनाक्रम पर बनाए हुए था नजर

एसपी उत्तरी ने कहा कि पूछताछ में सामने आया है कि आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां बरेली बवाल से एक दिन पहले ही पुलिस को चकमा देकर अपने करीबी फाइक इंक्लेव निवासी फरहत के मकान पर आ गया था। पुलिस का मानना है कि बरेली बवाल के दिन शहर में कई जगह पर भीड़ ने पुलिसकर्मियों पर अवैध असलहों से फायरिंग की थी। सभी असलहे फरहत और इशरत अली के द्वारा ही सोनू खान के माध्यम से सप्लाई कराकर भीड़ को मुहैया कराए थे, जबकि मौलाना तौकीर रजा खां फाइक इंक्लेव निवासी फरहत अली के घर बैठकर पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए था।

### फोन में मिले बवाल के वीडियो और फोटो

पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की तो चौंकने वाले खुलासे हुए। पुलिस ने आरोपियों के मोबाइल फोन चेक किए तो उसमें बवाल के दौरान के कई वीडियो और फोटो मिले। एक वीडियो में गिरोह का सरगना इशरत अली अवैध पिस्टल से टेस्ट फायर करता दिखाई दे रहा था। सोमू खान ने पुलिस को बताया कि 26 सितंबर को हुए बवाल के दौरान उसने झुमका तिराहा पर बड़ी खेप में पिस्टल और कारतूस पहुंचाए थे। गिरोह के सदस्य वीडियो कॉल के जरिये हथियारों की सप्लाई की पुष्टि करते थे।

# फर्जी फर्मों में मुख्य भूमिका निभाने वालों की तलाश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 13 फर्जी फर्मों का नेटवर्क हुआ है बेनकाब, जीएसटी विभाग खंगाल रहा रिकार्ड
- संभावित आरोपियों और संदिग्धों की सूची तैयार की जा रही, तह तक पहुंचने की कोशिश

**अमृत विचार :** टैक्स चोरी करने वाली 13 फर्जी फर्मों में पर्दे के पीछे काम करने वालों की तलाश अब जीएसटी विभाग ने तेज कर दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इन फर्मों का पंजीकरण दूसरों के पैन और आधार कार्ड का दुरुपयोग कर कराया गया था। हैरानी की बात यह है कि फर्मों की रिटर्न फाइलिंग उत्तर प्रदेश से नहीं, बल्कि महाराष्ट्र और केरल जैसे दूर राज्यों से की जा रही थी, जिससे जांच एजेंसियों को भ्रमित किया जा सके।

अब जीएसटी विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रिकॉर्ड की गहन पड़ताल शुरू कर दी है। बैंक खातों, डिजिटल ट्रांजेक्शन और रजिस्ट्रेशन डेटा को खंगाला जा रहा है, ताकि पर्दे के पीछे भूमिका निभाने वाले वास्तविक संचालकों तक पहुंचा जा सके। जीएसटी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान इसी तरह की कई और संदिग्ध फर्में भी सामने आ रही हैं।

विभाग संभावित आरोपियों और संदिग्धों की सूची तैयार कर रहा है। इसके बाद इन सभी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि फर्जी फर्मों पर कार्रवाई से न सिर्फ राजस्व को होने वाले नुकसान पर अंकुश लगेगा, बल्कि ईमानदार व्यापारियों को भी काफी मदद मिलेगी। फिलहाल विभाग की नजर इस पूरे नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने पर टिकी हुई है।

# टैंकर ने स्कूटी सवार महिला को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गुरुवार सुबह इसाइयों की पुलिया के पास हुआ हादसा
- वाहन चालक फरार, तलाश में जुटी पुलिस


मीना का फाइल फोटो

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार टैंकर ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी राजवीर सिंह की बेटी मीना (32) गुरुवार सुबह स्कूटी से शहर की तरफ आ रही थीं। इसाइयों की पुलिया के पास टैंकर ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में मीना गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला के परिजनों को हादसे की सूचना दी। सेटेलाइट चौराहा चौकी प्रभारी विनय बहादुर ने बताया कि आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### मीना पति से अलग रहती थीं

पिता राजवीर ने बताया कि मीना का पति से विवाद चल रहा है। पिछले करीब 12 साल से मीना पति से अलग रह रही थीं। वर्तमान में वह कैंट थाना क्षेत्र में नकटिया पावर हाउस के पास किराए के मकान में अकेली रहती थीं। वह निजी अस्पताल में काम कर रही थीं। गुरुवार को वह हादसे का शिकार हो गईं।

# चौरासी घंटा मंदिर से चौपुला तक चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अतिक्रमण की जद में आए ठेले को जब्त करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

- नगर आयुक्त के आदेश पर सख्त कार्रवाई, सालों से जमे कब्जे हटाए गए
- अतिक्रमण हटाने के दौरान 75 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला गया

**अमृत विचार :** नगर निगम टीम ने गुरुवार को चौरासी घंटा मंदिर से चौपुला पुल तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। टीम ने सड़क किनारे बने अस्थायी कब्जे, टीनशेड, फेरी स्टॉल और अन्य अवैध निर्माण हटवाए तो अफरा-तफरी मच गई। बुलडोजर कार्रवाई के दौरान कुछ व्यापारियों से नोकझोंक भी हुई, लेकिन सचल दल की मौजूदगी की वजह से उनकी एक नहीं चली। टीम ने सामान भी जब्त किया। नियमों का उल्लंघन करने वालों से 72 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला।

राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा और सुगम बनाना है। बताया है कि बदायूं रोड पर केवल फड़ और खोखे ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में मिठाई आदि के दुकानदारों ने भी अतिक्रमण कर रखा था। दुकान के बाहर जेनरेटर रखा था तो किसी ने दुकान के बाहर सामान सजा रखा था। निर्माण सामग्री की बिक्री करने वाले कई दुकानदार रडार पर आए। टीम ने अतिक्रमणकारियों को खदेड़ दिया। नगर आयुक्त ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं अतिक्रमण हटाकर सहयोग करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगर निगम की टीम ने सख्ती के साथ कार्रवाई की, जिससे सड़क किनारे यातायात सुचारू रूप शुरू हो गया।

# ससुरालियों पर पिटाई का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** महिला ने पति और ससुरालियों पर मारपीट और दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के गंगवार कॉम्प्लैक्स निवासी मीनाक्षी गंगवार ने बताया कि उसकी शादी 4 फरवरी 2022 को जिला फर्रुखाबाद के राजीव गांधी नगर निवासी घनश्याम के साथ हुई थी। बताया कि उसके परिवार ने शादी में 10 लाख रुपये, सोने चांदी के जेवर दिए थे। शादी के बाद ससुरालियों ने जेवर अपने पास रख लिए। जरूरत पड़ने पर ससुरालियों ने जेवर नहीं दिए। आरोप है कि पति शराब पीकर मारपीट और गाली गलौज करता है। मीनाक्षी का आरोप है कि संयुक्त रूप से फरीदाबाद हरियाणा में खरीदे गए फ्लैट पर भी ससुराल पक्ष का कब्जा है। आरोप है कि 17 जुलाई 2023 को पहली पुत्री और 6 नवंबर 2025 को दूसरी पुत्री का जन्म हुआ। आरोप है कि पहली बेटी को ननद को गोद देने का दबाव बनाया गया। इन्कार करने पर उत्पीड़न किया। 50 लाख रुपये की मांग की गई। हरियाणा में पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### बाइक सवारों ने ई रिक्शा चालक से की मारपीट

**बरेली, अमृत विचार :** ई रिक्शा चालक के साथ बाइक सवारों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चालक की तहरीर पर प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के कुम्हारों वाली गली निवासी श्याम सुंदर ने बताया कि वह बुधवार रात ई रिक्शा से सवारी लेकर कोहड़ापीर चौराहे से गुजर रहे थे। आरोप है कि सामने से बाइक पर आए तीन लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने ई-रिक्शा में भी तोड़फोड़ की। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### युवक का सिर फोड़ा

**बरेली, अमृत विचार :** दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की, जिसमें एक युवक का सिर फूट गया। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के नथुरमपुरा निवासी चित्रा देवी ने बताया कि गांव के रहने वाले अंकित और बच्चन उसके घर में घुस आए। घर में घुसकर गालियां देने लगे, विरोध करने पर मारपीट करने लगे।

# अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार, गया जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- 712 ग्राम अफीम बरामद बारादरी पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** चेकिंग के दौरान बारादरी पुलिस ने अफीम तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 17 लाख रुपये की कीमत की अफीम बरामद हुई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि पुलिस टीम डोहरा चौराहे पर चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली है कि एक युवक मादक पदार्थ की तस्करी करने वाला है। टीम जब सम्राट अशोक नगर वाले रास्ते पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर घबराकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। आरोपी ने अपना नाम असगर निवासी एजाज नगर गौटिया थाना बारादरी बताया। उसके पास से 712 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि उसकी मीट बेचने की दुकान है। दुकान पर अमन निवासी शेर अली गौटिया मीट लेने के लिए आता था। उसके लाए माल को वह एक बार बेच चुका है। पुलिस ने मुकदमे में अमन को भी नामजद किया है।


अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर.एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 फरवरी 2026, रविवार
22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076



सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें



बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223

## सिटी ब्रीफ

### रजा एक्शन कमेटी ने दिया ज्ञापन

बरेली/आंवला, अमृत विचार : रजा एक्शन कमेटी ने रमजान माह में सफाई के साथ प्रकाश और जलापूर्ति की सुचारू व्यवस्था करने को एसडीएम को ज्ञापन दिया है। कमेटी के सदस्यों ने मस्जिदों के आसपास सफाई शहरी और इफ्तार के समय जलापूर्ति की व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है। मस्जिद के इर्द-गिर्द सड़क पर चूना पड़बाने, मच्छरों से छुटकारे के लिए कीटनाशक का छिड़काव कराया जायें। जहां ट्रांसफार्मर खराब है उन्हें ठीक किया जाए। मांग पत्र देने बालो में हाफिज आसिफ रजा, समाज सेवी मुफ्ती अनस रजा, इमाम मस्जिद अनवर शाह मियां, हाफिज शाह नियाज इमाम मस्जिद फूटा दरवाजा कारी आदि मौजूद रहे।

### होलिका दहन के स्थान पर जलभराव

बरेली/फरीदपुर, अमृत विचार : होलिका दहन के स्थान पर जल भराव की समस्या से निजात दिलाने को लेकर सभासद ने अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखा है। नगर के मोहल्ला वार्ड नंबर 6 के सभासद ने बताया कि साईं बाबा मंदिर के सामने होलिका दहन के स्थान पर अत्यधिक जल भराव हो रहा है जिस कारण जनता में काफी आक्रोश है सभासद राजकुमार ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी को समस्या से निजात दिलाने के लिए पत्र लिखा है।

### क्रीड़ा समारोह में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

बरेली/आंवला, अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय, आंवला में 34वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह में हुई प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। 400 व 200 मीटर दौड़, ऊंची कूद और लंबी कूद में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में रूप चन्द्र और अपूर्व शंखधर ने प्रमुख प्रतियोगिताओं में बाजी मारी, जबकि बालिका वर्ग में शोभा, खुशबू और अन्य प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। संचालन डॉ. सौरभ कुमार ने किया। महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में खिलाड़ियों का उत्साह देखने लायक रहा।

# एसआईआर: विशेष अभियान 22 को मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे बीएलओ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुबह 10.30 बजे से सायं 4. 30 बजे तक उपस्थित रहने के निर्देश




अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में विशेष अभियान के लिए 22 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। बीएलओ मतदाता सूची पढ़कर सुनाएंगे और नए वोटरों के फार्म भरवाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने बताया है कि आयोग के निर्देश पर 118-बहेड़ी, 119-मीरगंज, 120-भोजीपुरा, 121-नवाबगंज, 122-फरीदपुर, 123-बिथरी चैनपुर, 124-बरेली, 125-बरेली कैंट व 126-आंवला के समस्त 3835 बूथ लेवल अधिकारियों को 22 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से सायं 4. 30 बजे तक उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। 6 जनवरी को प्रकाशित हुई मतदाता सूची में मृतक, स्थानांतरित, अनुपस्थित व दोहरी प्रविष्टि व गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर बीएलओ को वापस न देने के कारण जिनके नाम कट गए हैं, उनके नामों की सूची को पढ़कर सुनाया जायेगा। नामों का सत्यापन किया जाएगा। बीएलओ के पास फार्म-6, 7 एवं फार्म-8 उपलब्ध रहेंगे। जो व्यक्ति 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 1 अप्रैल, 2026, 1 जुलाई, 2026 व 1 अक्टूबर, 2026 को अर्ह हो रहे हैं, या कोई पात्र व्यक्ति 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है या फिर मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से छूट गया है तो ऐसे व्यक्ति अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने को फार्म-6 के साथ घोषणापत्र भरकर बूथ लेवल अधिकारी के पास जमा कर सकते हैं। विशेष अभियान के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भ्रमण करेंगे। समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों की उपस्थिति भी सुनिश्चित कराएंगे। जनसामान्य की सुविधा के लिए समस्त 1941 मतदान केन्द्रों पर मतदाता हेल्प डेस्क बनायी गयी है। अधिक जानकारी के लिए मतदाता हेल्पलाइन 0581-1950 पर संपर्क भी कर सकते हैं।

## मोबाइल देखकर प्रैक्टिकल-वायवा






सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कुछ परीक्षार्थी लैब में प्रैक्टिकल के दौरान मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। वायरल वीडियो बरेली कॉलेज की केमेस्ट्री लैब का बताया जा रहा है। वीडियो में बीएससी फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा में प्रैक्टिकल के दौरान छात्र मोबाइल फोन इस्तेमाल करते दिख रहे हैं। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। उधर, बरेली कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि केमेस्ट्री लैब में प्रैक्टिकल वायवा में मोबाइल के प्रयोग के बारे में उनके पास कोई शिकायत नहीं आई है। इस बारे में वह विभाग प्रभारी से बात करेंगे।

# सुपीरियर शराब फैक्ट्री में आयकर टीम की जांच जारी

## इनकम टैक्स की टीम तीसरे दिन भी खंगालती रही साल 2003 तक की शराब उत्पादन और बिक्री का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




सीबीगंज स्थित शराब फैक्ट्री सुपीरियर इंडस्ट्री। यहीं चल रही इनकम टैक्स की जांच। ● अमृत विचार

- टीम ने मोबाइल जब्त करते हुए बाहर जाने पर लगाई पाबंदी
- सीबीगंज स्थित रामपुर रोड पर है सुपीरियर शराब फैक्ट्री

अमृत विचार : सीबीगंज स्थित रामपुर रोड पर सुपीरियर शराब फैक्ट्री में दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीमें फैक्ट्री के सभी विभागों में तीन दिन से डेरा डाले हुई है। टीम हर बिंदु की गहनता से जांच कर रही हैं। गुरुवार को फैक्ट्री परिसर में अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही पर रोक लगाते हुए मोबाइल फोन को जब्त कर लिया। टीम को आयकर में बड़े स्तर पर हेराफेरी की आशंका है। जिसे साफ करने के लिए वर्ष 2003 तक का ब्योरा खंगाल रही है।

दरअसल, मंगलवार देर शाम करीब छह बजे दिल्ली की आयकर विभाग की टीमें सीबीगंज स्थित सुपीरियर शराब फैक्ट्री पहुंची, विभागों में जांच शुरु करने के बाद फैक्ट्री के मुख्य द्वार को बंद करा दिया गया। लेकिन तीसरे दिन बुधवार को निचले कर्मचारियों को बाहर जाने की अनुमति दी गई। सुपीरियर फैक्ट्री के बाहर दुकानों के संचालकों ने बताया कि दो दिन से फैक्ट्री के बाहर सन्नाटा पसरा रहा। सिर्फ फैक्ट्री में तैनात कर्मचारियों के वाहन ही पार्किंग में नजर आए। लेकिन बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कुछ लोडर वाहन और साइकिल पर सवार कर्मचारी बाहर निकले। हालांकि गुरुवार को भी टीमें दस्तावेज खंगालने में जुटी रहीं। इस जांच में क्या खामियां उजागर हुई हैं इसका खुलासा टीम की रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

फैक्ट्री में माल खरीद फरोख्त संबंधी कई खामियों की शिकायतों के बाद टीम यहां जांच करने के लिए आई है। टीम में शामिल वरिष्ठ अधिकारी ने फैक्ट्री प्रबंधन से वर्ष 2003 तक के वित्तीय रिकॉर्ड, टैक्स रिटर्न, बिल-वॉउचर, रजिस्टर और अन्य लेखा विवरण प्रस्तुत करने को कहा है।

आशंका जताई जा रही है कि कई वर्षों से दाखिल किए जा रहे आयकर रिटर्न में अनियमितताएं हो सकती हैं। फिलहाल फैक्ट्री के सभी प्रमुख अधिकारियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं। सिर्फ एचआर मैनेजर ही फैक्ट्री से बाहर हैं, हालांकि वह टीम के पहुंचने के समय परिसर में मौजूद थे।

### व्यापारी जगत में हलचल, कई तरह की चर्चा

शराब फैक्ट्री में मंगलवार देर शाम शुरू हुई आयकर विभाग की छापेमारी की कार्रवाई की जानकारी बुधवार सुबह फैली तो क्षेत्र के उद्यमियों और व्यापारियों में खलबली मच गई। कारोबारी एक-दूसरे से फोन पर संपर्क कर जानकारी लेने में जुट गए। फैक्ट्री संचालक का फोन लगातार स्विच ऑफ मिलने से अटकलों का बाजार और गर्म रहा। लोगों में गुरुवार को अलग-अलग तरह की चर्चा है। कोई सौ करोड़ तो कोई दो सौ करोड़ तक की संभावित टैक्स चोरी का अनुमान जता रहा है, हालांकि आयकर विभाग के अधिकारियों ने आधिकारिक रूप से कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। गोपनीयता बरकरार रखते हुए जांच जारी है।

### पांच गाड़ियों से मंगलवार शाम पहुंची थी टीम

आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार शाम करीब सवा छह बजे अचानक फैक्ट्री में पहुंची थी। पांच गाड़ियों से पहुंचे अधिकारियों के साथ एक वाहन में पीएसी के जवान भी थे। फैक्ट्री में दाखिल होते ही टीम ने सबसे पहले गेट को अंदर से बंद कराया और पूरे परिसर को अपने नियंत्रण में ले लिया। प्रारंभिक कार्रवाई में कर्मचारियों और अधिकारियों के मोबाइल फोन जब्त किए गए। इसके बाद कार्यालय के लैपटॉप, कंप्यूटर, रजिस्टर, बिल-बाउचर और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की गई।

## मानवाधिकार संरक्षण एवं विकास फाउंडेशन ने बैठक की

बरेली, अमृत विचार: मानवाधिकार संरक्षण एवं विकास फाउंडेशन की बैठक गुरुवार को बीडीए कॉलोनी में जिलाध्यक्ष केसर खान वारसी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें राष्ट्रीय सचिव चित्रकार डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना ने पुलिस बल को दो भागों में बांटे जाने का मुद्दा उठाया है। कहा कि अधिकारियों व नेताओं की सुरक्षा करने, दंगों को रोकने व शांति व्यवस्था बनाने, अपराधियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस समर्पित है, लेकिन आमजन में पुलिस को वह सम्मान नहीं मिल रहा है, जिसकी वह हकदार है। प्रस्ताव रखा कि पुलिस बल दो भागों में बांटा जाए, जिससे पुलिस पर भार कम रहेगा। एक सामाजिक अपराधों के लिए और दूसरा बल चोर, डकैत, हत्या और अन्य केसों में अपराधियों की धरपकड़ के लिए काम करे। प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजने का निर्णय लिया गया। सतीश कुमार सिंह. रफात अली, संतोष कुमार गुप्ता, विशन नारायण अग्रवाल ने भी विचार रखे।

# सीएम से मिलकर वनमंत्री ने मांगा क्रिटिकल केयर सेंटर



लखनऊ में मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपकर चर्चा करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अस्पताल में रिक्त पदों पर डॉक्टरों की तैनाती को भी सौंपा मांग पत्र

अमृत विचार: वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर बरेली शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान वनमंत्री ने मुख्यमंत्री को तीन सौ बेड अस्पताल को सरकारी या पीपीपी मॉडल पर संचालित कराने के साथ एक क्रिटिकल केयर सेंटर की स्थापना कराने के संबंध में मांगपत्र सौंपा। इसके साथ वनमंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की कि लंबे समय से कार्डियोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट पद जिला अस्पताल में रिक्त चल रहे हैं, इस वजह से मरीजों को दिक्कतें हो रही हैं। मुख्यमंत्री से इन पदों को शीघ्र भरवाने के लिए आग्रह किया।

# कांग्रेसियों ने गांधी प्रतिमा स्थल पर किया सत्याग्रह, सरकार पर बरसे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- प्रदेश सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन, दमनात्मक रवैया अपनाने का लगाया आरोप
- कांग्रेसी बोले- विपक्ष की आवाज दबाने के लिए पुलिस बल का किया जा रहा प्रयोग



गांधी प्रतिमा स्थल पर धरने पर बैठे कांग्रेसी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को संयुक्त रूप से गांधी प्रतिमा स्थल पर सत्याग्रह आयोजित कर प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव में हुए घटनाक्रम की कड़ी निंदा की। आरोप है कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे कांग्रेस नेताओं पर पुलिस बल का प्रयोग किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को चोट लगने की सूचना है। पदाधिकारियों ने सरकार पर दमनात्मक रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल का संवैधानिक अधिकार है। सरकार की ओर से विपक्ष की आवाज दबाने के लिए बल का प्रयोग करना लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अन्याय और दमन के खिलाफ सदैव गांधीवादी तरीके से संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।

सत्याग्रह के माध्यम से सरकार को यह संदेश दिया गया कि कांग्रेस कार्यकर्ता भयभीत होने वाले नहीं हैं और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान प्रेम प्रकाश अग्रवाल, प्रवक्ता पंडित राज शर्मा, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, हरीश गंगवार, विनोद कुमार, सुरेश कुमार, मनोज शर्मा प्रवीण मिश्रा, योगेश जायसवाल, सतीश चंद्रा, नारायण सिंह, जाहिद अली, जगदीश शरण, सफदर अली बुखारी, कमरुद्दीन सैफी आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### शिवाजी जयंती: अधिवक्ताओं ने मनाया शौर्य दिवस



बरेली, अमृत विचार : कचहरी पर अधिवक्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती शौर्य दिवस के रूप में मनायी। मुख्य वक्ता जय नारायण सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि शरण सिंह चौहान ने कहा कि जब भारत में चारों ओर आक्रांताओं का राज था तो तब हिंदुत्व की किरण जागते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज ने हिंदू पद पादशाही की स्थापना की। उन्होंने गौ, गीता, गायत्री, गंगा की रक्षा की। महाराज समस्त भारत के प्रेरणा स्रोत और भारतीय संस्कृति के पोषक हैं। मुख्य अतिथि भुजेंद्र गंगवार ने प्रत्येक भारतीय को उनसे प्रेरणा लेकर समाज को संगठित करने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संयोजन युवा अधिवक्ता प्रतिपाल सिंह ने किया। अध्यक्षता भानु प्रताप सिंह गंगवार एडवोकेट ने की। कार्यक्रम में गिरिराज सिंह चौहान, सुमित कश्यप, प्रेमपाल, देवेंद्र शर्मा, दिगंबर सिंह पटेल, पंकज महंत, अवधेश शर्मा, संतोष सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।



### छत्रपति शिवाजी को नमन किया

बरेली, अमृत विचार : छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर गुरुवार को राजेंद्र नगर स्थित छत्रपति शिवाजी चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। विकास मेहरोत्रा, गौरांग खन्ना, शुभम कुर्मी, राकेश पटेल, गौरव पटेल, प्रवीण भरद्वाज, रोहित रेकरीवाल, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

### सात साल की आयत फातिमा ने रखा पहला रोजा



बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार : रमजान शुरू होते ही नगर में इबादत का माहौल नजर आने लगा है। बहेड़ी के मोहल्ला मदार नगर निवासी मुमताज़ अली की सात वर्षीय बेटी आयत फातिमा ने भी अपना पहला रोजा रखकर अल्लाह की इबादत की। छोटी उम्र के बावजूद आयत ने पूरे जज्बे के साथ रोजा रखा और नमाज अदा कर दुआएं मांगी। इस्लाम में नाबालिग बच्चों पर रोजा फर्ज नहीं होता, लेकिन रमजान का चांद नजर आने के बाद आयत फातिमा ने भी रोजा रखने की इच्छा जताई। इस पर उनके माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्यों ने उनका हौसला बढ़ाया और उनका उत्साह बनाए रखा।

### बरेली के व्यापारियों का स्नेह ही मेरी ताकत : राजेंद्र गुप्ता



बरेली, अमृत विचार : शहर की एक कालोनी में गुरुवार को विभिन्न कारोबारों के व्यापारियों के समूह ने राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में व्यापारियों की ओर से दिखाई गई श्रद्धा और सम्मान से अभिभूत राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह सम्मान बरेली के व्यापारियों के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। कहा कि व्यापारियों से मिलने वाला स्नेह और ऊर्जा उन्हें निरंतर काम करने की प्रेरणा देती है। इसी विश्वास के चलते उन्हें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल में प्रांतीय महामंत्री की जिम्मेदारी मिली और अब भारत सरकार में व्यापारिक प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है। कार्यक्रम में व्यापारिक उपलब्धियों और भविष्य में बरेली के लिए नए अवसर सृजन की दिशा में चर्चा भी हुई। कार्यक्रम में व्यापार मंडल के महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि बरेली से राष्ट्रीय स्तर पर संदेश जाना चाहिए कि शहर के व्यापारियों की पहल और योगदान से नई औद्योगिक और व्यापारिक उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। उन्होंने राजेंद्र गुप्ता से अपील की कि शहर के हित में अच्छे सुझाव बोर्ड के समक्ष रखकर सरकार तक पहुंचायें। कार्यक्रम का संचालन शुभम अग्रवाल ने किया। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रेम शंकर अग्रवाल, शिव शंकर अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, अंजनी गुप्ता, मनमोहन सब्बरवाल, सुशील मित्तल, आशुतोष गोयल, दर्शन लाल भाटिया, कैलाश मित्तल, अवधेश अग्रवाल डब्बू, सुमित अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ व्यापारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रहित में कार्यकर्ता निर्माण करती है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, बरेली




महानगर भाजपा की ओर से आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यालय में मौजूद नेता। ● अमृत विचार

- भाजपा जिला महानगर की ओर से गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित हुई कार्यशाला
- सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं, एक विचार और एक परिवार है

अमृत विचार: भाजपा महानगर की ओर से गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला के मुख्य अतिथि बृज क्षेत्र के महामंत्री राकेश मिश्रा अनावा ने कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्र हित के लिए कार्यकर्ता का निर्माण करती है। नीतियां मुख्य रूप से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, आर्थिक उदारीकरण और मजबूत राष्ट्रीय सुरक्षा ढांचे पर केंद्रित है। भारत को एक सुरक्षित, मजबूत और अखंड राष्ट्र (एक भारत, श्रेष्ठ भारत) बनाने का उद्देश्य है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कहा कि भाजपा भारतीय संस्कृति को भारत की आत्मा मानती है। भाजपा पार्टी नहीं, एक विचार और एक परिवार है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश में कार्यशाला होने के बाद महानगर स्तर पर कार्यशाला हो रही हैं। 7 मार्च से 14 अप्रैल क प्रत्येक मंडल पर कार्यशाला आयोजित होंगी। कार्यशालाओं में मंडल पदाधिकारी से लेकर बूथ तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संगठन की पंच निष्ठा में प्रथम सामाजिक समरसता, द्वितीय नागरिक कर्तव्य, तृतीय पर्यावरण संरक्षण, चतुर्थ कुटुंब प्रबोधन, पंचम स्वदेशी भाव बताया। कार्यशाला का संचालन महानगर महामंत्री प्रभु दयाल लोधी ने किया। प्रमुख रूप से महापौर डॉ. उमेश गौतम, गुलशन आनंद, डॉ सीपीएस चौहान, देवेंद्र जोशी, विष्णु शर्मा, प्रतेश पांडे, तृप्ति गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, अरुण कश्यप, अमरीश कठेरिया, नरेंद्र मौर्य, कन्हैया राजपूत, जयदीप चौधरी, शिखा मल्होत्रा, राजीव कश्यप, अमन सक्सेना, राज किशोर कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## सामुदायिक कार्यक्रम में स्थानीय कारीगरों को प्राथमिकता

कैंट/बरेली, अमृत विचार : स्थानीय हस्तशिल्प एवं पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा एक कुम्हार परिवार के गृह-कार्यस्थल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सीईओ डॉ तनु जैन समेत छावनी के अन्य अधिकारियों ने मिट्टी के दीये एवं अन्य मृद्भांडों के निर्माण की प्रक्रिया को निकट से देखा। सीमित संसाधनों में कारीगरों की मेहनत ने सभी को प्रभावित किया। अधिकारियों ने कारीगरों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। आश्वस्त किया कि आगामी हस्तशिल्प प्रदर्शनी, मेले एवं सामुदायिक कार्यक्रमों में स्थानीय कारीगरों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्हें व्यापक मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

# रमजान के पहले दिन बिखरी रौनक, खिल उठे रोजेदारों के चेहरे

## रमजान का पहला जुमा आज, मस्जिदों में की गई नमाज की विशेष तैयारी, किला स्थित जामा मस्जिद में दोपहर 1:30 बजे होगी नमाज

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** रहमत, मगफिरत और निजात का तोहफा लेकर आए रमजान का पहला दिन बेहद खुशगवार रहा। मस्जिदें नमाजियों से फुल रहीं। भोर से रात तक इबादत का सिलसिला चला। इफ्तार के वक्त मुस्लिम बहुल इलाकों में रौनक बिखरी रही। जरूरतमंदों की मदद के पैगाम आम हुए। मुल्क की तरक्की और सलामती के लिए दुआओं में हाथ उठे। शुक्रवार को रमजान का पहला जुमा है। नमाज के लिए मस्जिदों में विशेष तैयारियां की गई हैं। गुरुवार को पहला रोजा 12 घंटे 49 मिनट का रहा। मौसम सदाबहार रहा। रोजेदारों के चेहरे खिले रहे। दरगाह आला हजरत के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी के मुताबिक शहर की सभी मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों में जुमा की नमाज की तैयारियां हैं। किला स्थित जामा मस्जिद में दोपहर 1:30 बजे नमाज होगी। आखिर में दरगाह आला हजरत स्थित रजा मस्जिद में दोपहर 3 बजे नमाज अदा की जाएगी।



रमजान के पहले रोजे पर दरगाह खानकाहे नियाजिया पर इफ्तारी में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार

### इबादत और मदद का पैगाम

रमजान का महीना तमाम बरकतें लेकर हाजिर है। उलमा ने नमाज के दौरान रोजेदारों को पैगाम दिया कि इबादत करें। गुनाहों से माफी मांगें। जरूरतमंदों की मदद करें। ये ख्याल रखें कि अपने आस-पास कोई भी व्यक्ति, रोजेदार भूखा न रहे। सबकी जरूरतों का ध्यान रखें।

### खजूर के साथ खूब बिके फल

रमजान के पहले रोजे के मौके पर गुरुवार शाम इफ्तार के समय बाजार में रौनक रही। रोजदारों ने रोजा इफ्तार के लिए खजूर के साथ फलों की जमकर खरीदारी की। शहर के कुतुब खाना, शहामतगंज, किला पुराना शहर, सैलानी आदि क्षेत्र में शाम 4 :00 से 6 :00 बजे तक लोग रोजा इफ्तार के लिए खरीदारी करते रहे। घरों में पकवान बनाए गए।



कुतुबखाना बाजार में खजूर खरीदते लोग। ● अमृत विचार



फल की दुकानों पर भी लोगों की भीड़ दिखी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### आरएसओ ने किया टेबल टेनिस कोचिंग कैंप का निरीक्षण

**बरेली, अमृत विचार :** खेल निदेशालय के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य टेबल टेनिस टीम का कोचिंग कैंप एसआरएमएस में संचालित किया जा रहा है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने गुरुवार को कैंप का निरीक्षण कर टीम के खिलाड़ियों को किट का वितरण किया। आदित्य मूर्ति, अरुण कुमार बनर्जी, डॉ. दीपेंद्र कमथान आदि मौजूद रहे। संचालन कोच पराग अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### हिन्दू विवाह अधिनियम कमेंटरी का विमोचन 21 को

**बरेली,अमृत विचार :** एडवोकेट रजत बिंदल द्वारा लिखित ''हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 कमेंटरी'' का विमोचन 21 फरवरी को किया जाएगा। विमोचन इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति आलोक माथुर शनिवार को कचहरी स्थित बार सभागार में अपराह्न तीन बजे आयोजित कार्यक्रम में करेंगे। रजत बिंदल ने बताया कि वैवाहिक कानूनों पर यह व्यापक टीका विधिक व्यवसायियों, न्यायपालिका व विधि छात्रों के लाभार्थ व्यावहारिक जानकारी व कानूनी विश्लेषण प्रदान करेगी। पुस्तक को न्यायमूर्ति आलोक माथुर ने लिखित भूमिका से सम्मानित किया है। विशिष्ट अतिथि जिला जज प्रदीप कुमार सिंह व पारिवारिक न्यायालय मुख्य न्यायाधीश अशरफ अंसारी, कर्नल राजेश कुमार जिंदल रहेंगे। स्वागत भाषण बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनोज हरित देंगे।



### कारोबारी लेखराज आसनानी का निधन

**बरेली, अमृत विचार** : पाकिस्तान के सिंध हैदराबाद छोड़कर आजादी से पहले अपने पिता चोलाराम आसनानी के साथ सात साल की उम्र में बरेली आए लेखराज आसनानी का 84 साल की उम्र में गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उन्होंने बरेली में एक खोखे में रेस्टोरेंट सेअपना कारोबार शुरू किया। उम्र के साथ बढ़े होने पर उन्होंने तत्कालीन नगर पालिका से एक दुकान सिटी पोस्ट आफिस के पास अलाट करायी और सिंधी नाम से होटल शुरू किया, तब से होटल संचालित है।



# प्रथम पाली में 69 और द्वितीय में 277 छात्रों ने छोड़ी परीक्षा

- **यूपी बोर्ड :130 केंद्रों पर कड़ी निगरानी में हुई परीक्षा**
- **डीआईओएस ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली में हाई स्कूल कंप्यूटर साइंस विषय में 844 में से 823 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 21 अनुपस्थित रहे। वहीं, इंटरमीडिएट के व्यवसायिक ट्रेड में 1023 पंजीकृत छात्रों में 1075 उपस्थित रहे। 48 छात्र गैरहाजिर रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के सिलाई विषय में 89 में से 85 और सामाजिक नागरिक शास्त्र विषय में 5384 में से 5111 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। 277 छात्र अनुपस्थित रहे। डीआईओएस डॉ. अजीत सिंह ने परीक्षा के दौरान केंद्रों और स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के श्री गुरुनानक रिक्खी सिंह गर्ल्स इण्टर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज और एफआर इस्लामिया इंटर कालेज समेत कई परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। वहीं, द्वितीय पाली में फतेहगंज पश्चिमी के जानकी देवी इंटर कॉलेज, मीरगंज के ब्रह्मा देवी कन्या इंटर कॉलेज, आरपी इंटर कॉलेज, दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज और चंद्र प्रकाश मेमोरियल इंटर कॉलेज धन्तिया का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था को परखा। डीआईओएस ने बताया कि दूसरे दिन किसी भी केंद्र पर कोई नकलची नहीं पकड़ा गया।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीआईओएस डॉ. अजीत सिंह। ● अमृत विचार

### 3 सदस्यीय टीम ने सेंट एंड्रयूज स्कूल की जांच शुरू की

**बरेली, अमृत विचार :** चौबारी क्षेत्र में सेंट एंड्रयूज स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रवेशपत्र रोकने से तीन छात्रों की परीक्षा छूटने के प्रकरण में जांच बैठा दी गयी है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर एसडीएम सदर प्रमोद कुमार ने तीन सदस्यीय टीम गठित की है। टीम में बीएसए सहित दो अन्य अधिकारी शामिल किए हैं। टीम से जांच कर जल्द रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। दोपहर बाद जांच टीम में शामिल बीएसए डॉ. विनीता सहित अन्य अधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर जांच की। हालांकि, अभी जांच रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है। गुरुवार को जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने प्रकरण में सीबीएसई की सिटी को-आर्डिनेटर ममता सक्सेना को भी कलेक्ट्रेट बुलाया। एसडीएम सदर और सिटी को-आर्डिनेटर को स्कूल के संचालन सहित अन्य बिंदुओं पर जांच करने के निर्देश दिए। दरअसल, बुधवार को स्कूल में सीबीएसई परीक्षा के दूसरे दिन जब स्कूल प्रबंधन ने तीन छात्रों का प्रवेश पत्र रोका तब वहां हंगामा हुआ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने स्कूल में पहुंचकर हंगामा काटा था। इस बीच पता चला कि स्कूल का संचालन बिना मान्यता के किया जा रहा था। बच्चे वहां पर कोचिंग करते थे और परीक्षा के लिए दूसरे सेंटर में जाते थे। फीस जमा न होने पर प्रबंधन ने तीन छात्रों के 12वीं के प्रवेश पत्र रोक लिए थे। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्कूल प्रबंधक और प्रिंसिपल कार्यालय में ताला जड़ दिया था। इधर, जिलाधिकारी अविनाश सिंह का कहना है कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भुता क्षेत्र में छात्राओं को प्रवेश पत्र न देकर परीक्षा से वंचित करने वाले प्रधानाचार्य के खिलाफ कार्रवाई की गयी है। अन्य कोई निजी स्कूल ऐसा करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## वनखंडी नाथ मंदिर में लाडलीलाल का भव्य विवाह उत्सव मनाया



राधा-रानी विवाह उत्सव में बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** बाबा वनखंडी नाथ मंदिर पर गुरुवार को राधा-रानी विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इसमें बरात मनोकामना मंदिर से प्रारंभ होकर वनखंडी नाथ मंदिर पर प्रस्थान की।

विवाह के बाद भव्य भंडारे और राधा रानी कीर्तन का आयोजन कीर्ति पांडेय ने कराया था। इस भव्य आयोजन ने सभी श्रद्धालुओं को आनंद और भक्ति से भर दिया। विवाह उत्सव में बरात का भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद राधा-रानी का विवाह समारोह संपन्न हुआ। साथ ही भव्य भंडारा और कीर्तन किया गया। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही और बृज के रसिकों के संकीर्तन से श्रद्धालु झूम उठे। नीतू द्विवेदी, संजीव अवस्थी, प्रतेश पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, प्रवेश पाण्डेय, दीपक, जितिन सिद्धार्थ, निखित, निधि, वंदना पाण्डेय आदि ने सहयोग किया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खेल महोत्सव : वॉलीबॉल बास्केटबॉल फुटबॉल और कबड्डी के मुकाबले हुए



बास्केट बॉल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **इन्वर्टिस प्रीमियर लीग में पिच स्मैशर्स को हराकर स्ट्राइकर्स ने जीता मुकाबला**

**अमृत विचार:** इन्वर्टिस खेल महोत्सव में गुरुवार को वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी और इन्वर्टिस प्रीमियर लीग के मुकाबले हुए। वॉलीबॉल प्रतियोगिता का पहला मुकाबला इन्वर्टिस बिग डॉग्स और इन्वर्टिस वाइल्ड स्पाइक्स के बीच खेला गया। 2 सेट खेले गए, जिनमें दोनों सेट जीतकर इन्वर्टिस बिग डॉग्स ने शानदार विजय दर्ज की। दूसरे मुकाबले में इन्वर्टिस स्पार्टन्स और इन्वर्टिस मॉन्स्टर्स आमने-सामने रहे। तीन सेटों तक चले मुकाबले में पहला सेट स्पार्टन्स ने जीता, जबकि दूसरा और तीसरा सेट मॉन्स्टर्स ने जीतकर मैच में विजय प्राप्त की।

स्ट्रीट बॉलर्स ने हेल फायर ट्रूप्स के विरुद्ध जीत दर्ज की, जबकि भैरव ने हसलर्स हर को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। इन्वर्टिस प्रीमियर लीग (क्रिकेट) में इन्वर्टिस स्ट्राइकर्स और इन्वर्टिस पिच स्मैशर्स के बीच मुकाबला खेला गया। स्ट्राइकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 152 रन बनाए। इन्वर्टिस पिच स्मैशर्स ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की, लेकिन 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 147 रन ही बना सके। इस प्रकार इन्वर्टिस स्ट्राइकर्स ने 5 रनों से रोमांचक जीत दर्ज की। खेल महोत्सव कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम व प्रति कुलाधिपति पार्थ गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## ऋण वितरण शिविर आज, युवा बनेंगे उद्यमी

**बरेली,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत जिला उद्योग केंद्र परिसर में शुक्रवार को ऋण वितरण शिविर का आयोजन करते हुए स्टॉल लगाए जाएंगे। जिसमें बैंकों से ऋण प्राप्त कर युवा और व्यापारी अपना व्यवसाय स्थापित करेंगे।

दरअसल, शिविर में कृषि एवं एमएसएमई से संबंधित केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में विशेष कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत ऋण वितरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उपायुक्त उद्योग विकास यादव, एलडीएम व बैंकर्स के साथ बैठक हुई। जिसमें सभी के साथ समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक पात्रों को ऋण वितरण कराए जाने के निर्देश दिए गए। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिला उद्योग केंद्र परिसर में बैंकों से ऋण प्राप्त कर अपना व्यवसाय स्थापित करने वाले पांच लोगों के स्टॉल लगाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है।

## वसीम बरेलवी ने श्रेष्ठ शायरी से बरेली को दिलाई अंतरराष्ट्रीय पहचान



शायर वसीम बरेलवी को सम्मानित करते मानव सेवा क्लब के पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** शायर वसीम बरेलवी की ''शख्सियत और शायरी'' पर मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में गुरुवार की देर शाम फूटा दरवाजा स्थित उनके आवास पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्यकारों और विद्वानों ने विचार व्यक्त किए।

क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने कहा, वसीम बरेलवी ने अपनी श्रेष्ठ शायरी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बरेली पहचान दिलाई, जो आज तक कोई नहीं कर पाया। लेखक रणजीत पांचाले ने कहा कि आज कम लोगों को पता है कि वसीम बरेलवी ने अनेक सुंदर गीतों की भी रचना की है। उनके गीतों के भाषाई सौंदर्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। गीतकार रमेश गौतम ने कहा कि वसीम बरेलवी की शायरी ने देश की सांस्कृतिक धरोहर को बड़ी संजीदगी से संभाला है। साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा, वसीम साहब के उच्चस्तरीय सृजन ने उर्दू शायरी की लोकप्रियता की वृद्धि में विशेष योगदान दिया है। इस अवसर पर वसीम बरेलवी ने अपनी यह नई गजल पढ़ीः चर्चे हमारे फन के कहां पर नहीं हुए, लेकिन कभी हम आपे से बाहर नहीं हुए, अपनी जमीं को हमने बनाया है आसमां, ऊंचे किसी के कांधे पर चढ़कर नहीं हुए, उड़ने का एक जुनूं था कि मरहम बन रहा, पथराव कब हमारे परों पर नहीं हुए। श्रेष्ठ शायरी पर उन्हें पगड़ी और शाल पहनाकर सम्मानित किया। इन्द्र देव त्रिवेदी, प्रकाश चंद्र सक्सेना, प्रदीप माधवार, निर्भय सक्सेना, राम कुमार, सुधीर मोहन ने भी विचार व्यक्त किए।

## सिटी डायरी



### कलश यात्रा निकाली, मां भवानी मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा आज

**बरेली, अमृत विचार :** प्राचीन बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर परिसर में नव निर्मित भव्य जगत जननि मां भवानी मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा शुक्रवार को हा। मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को घृताधिवास व मिष्ठान्नाधिवास पूजन किया गया। जिसमें जगजननि मां भवानी के स्वरूप को घृत अर्थात घी व मिष्ठान्न अर्पित किए गए। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को वैदिक रीति से किया जाएगा। पूजन के बाद मन्दिर सेवा समिति द्वारा अति भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। नाथनगरी के सभी सनातनी भक्तों का आह्वान किया है कि मां भवानी की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के पंचम दिवस के कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न होगा। इसमें प्रात 8 बजे से हवन -पूजन और अर्चना किया जाएगा।



### जीआरएम के 18 बच्चों ने जेईई मेंस में लहराया परचम

**बरेली, अमृत विचार :** गुलाबराय मॉन्टेसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल रोड के 18 विद्यार्थियों ने देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा "जेईई मेन्स" में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय के आदित्य मित्तल ने 99 .14 प्रतिशत पाकर जेईई एडवांस के लिए अपनी सीट सुनिश्चित की है, वहीं प्रथम गुप्ता ने 98, भविष्य रुहेला ने 97 .14, अनुष्का सक्सेना ने 95 .68, वैभवी वर्मा ने 95 .34, मोहम्मद असीम ने 95 .25, माधव पठारिया ने 94 .33, कुमार वशिष्ठ ने 93 .73, अवन पाल ने 91 .48, कृष्णा अग्रवाल ने 91 प्रतिशत हासिल किया है। इसी क्रम में शौर्य गुप्ता ने 90 .79, अस्फिया खान ने 86 .64, तुषार जोशी ने 84 .60, शिवांग उपाध्याय ने 84 .38, अनंत पांडेय ने 83 .37, अपूर्व ने 83 .30, अक्ष सक्सेना ने 83 .22, और अपार आनंद ने 80 परसेंटाइल के साथ जेईई एडवांस के लिए अपनी दावेदारी मजबूतत कर ली है। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने गुरुवार को विद्यालय में 99 .14 परसेंटाइल पाने वाले आदित्य मित्तल को माला पहनाकर उन्हें आशीर्वाद दिया और सभी सफल विद्यार्थियों के सुखद भविष्य की कामना की।



### काव्य संध्या और गोष्ठी आयोजित

**बरेली, अमृत विचार :** कृष्णा खंडेलवाल कनक स्मृति साहित्यिक समिति ने गुरुवार को काव्य संध्या एवं विचार गोष्ठी का आयोजन संस्था के मुख्यालय गंगापुर के सभागार में किया। कृष्णा खंडेलवाल कनक की स्मृति में हुई इस गोष्ठी में कवि रणधीर प्रसाद गौड़, राम कुमार भारद्वाज अफरोज, मनोज दीक्षित टिंकू, ठाकुर राम प्रकाश सिंह ओज, रमेश गौतम ने रचनाएं प्रस्तुत कीं। संचालन कवि इंद्रदेव त्रिवेदी ने किया। संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र प्रसाद खंडेलवाल, डॉ .रजनीश सक्सेना, पीपी सिंह, महंत अरविंद कुमार, रमेश अग्रवाल, सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, चंद्रकांत त्रिपाठी, गौरव खंडेलवाल, अशोक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



### रोटरी क्लब बरेली साउथ के रोहित बने अध्यक्ष, शिशिर पांडे सचिव

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली साउथ की 2026-27 की नई कार्यकारिणी टीम का गठन किया गया। जिसकी औपचारिक घोषणा रोटरी साउथ के चार्टर प्रेसिडेंट डॉक्टर आईएस तोमर ने की। नई टीम में अनुभवी और ऊर्जावान युवा सदस्यों को शामिल किया गया, जो क्लब के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। क्लब की कमान रोहित जिंदल को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। उनके साथ शिशिर पांडे सचिव और वीरेश मित्तल कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी निभाएंगे। संजय गर्ग और आईएमएस मेहता को उपाध्यक्ष बनाया गया है। क्लब ट्रेनर घनश्याम खंडेलवाल, ऑडिटर रवि प्रकाश अग्रवाल, आरआई ऑफिसर डॉ. रवि मेहरा होंगे। निवर्तमान अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल होंगे। क्लब के संचालन के लिए 8 निदेशकों की नियुक्ति की गई है, जिनमें डीसी खंडेलवाल, दिनेश गोयल, अंकुर बंसल, राकेश धीरवानी, डॉ. मनोज अग्रवाल, विनय कृष्ण अग्रवाल, प्रदीप मधवार और अंकित गोयल शामिल हैं। मीडिया प्रभारी संदीप मेहरा और विमल मेहरोत्रा को बनाया गया है। अमित मल्होत्रा चीफ एडिटर और संचित अग्रवाल एडिटर बनाए गए हैं। विशेष आमंत्रित सदस्य के लिए वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, विधायक संजीव अग्रवाल व अनिल मनोहर के नामों की घोषणा की। नवनियुक्त अध्यक्ष रोहित जिंदल ने बताया कि आगामी वर्ष में क्लब सेवा के संकल्प के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में विशेष प्रोजेक्ट्स पर कार्य करेगा।

**कवि सम्मेलन** | कवियों ने रिद्धिमा में आयोजित 'साहित्य सरिता' में लगायी डुबकी, रचनाओं से श्रोताओं को झकझोरा

# संस्कृति कैसे रक्षित होगी, अति विकृत व्यवहारों से...

**बरेली, अमृत विचार:** एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में गुरुवार की शाम कवि सम्मेलन ''साहित्य सरिता'' का आयोजन हुआ। कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं के दिलों के भावों को जगाया।

कवि उमेश त्रिगुणायत ने ''पहले सिजरा निकाल लेते हैं, लोग फिर हालचाल लेते हैं। उनके झांसे में आ गया जो भी, उसके खाते खंगाल लेते हैं, दुनियादारी से परिचित कराया। हिमांशु श्रोत्रिय ''निष्पक्ष'' ने ''क्या रक्षा की कोई आशा, हो सकती बटमारों से, संस्कृति कैसे रक्षित होगी,अति विकृत व्यवहारों से'' सुनाकर संस्कृति को संजोने का संदेश दिया। पीके 'दीवाना' ने 'अबे ओ चीन, तू बड़ी -बड़ी बातें मत बोल, बोलने से पहले अपनी छोटी- छोटी आंखें पूरी तरह से तो खोल, जिस रोज तेरी ये आंखें पूरी तरह से खुल जाएंगी, मेरा दावा है, हिन्द के प्रति तेरी सारी गलत फहमियां धुल जाएंगी, सुनाकर श्रोताओं को देशप्रेम से रंगा। कवयित्री दीपा विरमानी ने ''जो वर राघव बने होंगे, हृदय हर्षित हुआ होगा खिले होंगे, पुष्प मन में मेल नैनों का हुआ होगा, सुना है हर खुशी और गम में, आंसू साथ देते हैं स्वयंवर के बाद, आंसू सिया का भी गिरा होगा'' से भगवान श्रीराम और माता सीता का प्रसंग सुनाया। डॉ. संजय गुप्ता ने ''मूक स्वरों से मुझे पुकारो, मैं भावों को पढ़ लूंगा, मन को छूते अहसासों से शब्द स्वयं ही गढ़ लूंगा सुनाया। केपी सिंह "विकल" ने ''हौसले से समंदर उतर जाओगे, मंजिले पास होंगी संवर जाओगे, धैर्य टूटा अगर पथ से विचलित हुए, टूटकर एक दिन तुम बिखर जाओगे'' सुनाया। चेयरमेन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ. आशीष कुमार, डॉ. रीता शर्मा मौजूद रहे।




एसआरएमएस रिद्धिमा के सभागार में कवि सम्मेलन में पाठ पढ़ते कविगण।